-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 30.04.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **"ऑपरेशन ईगल" के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 19.4 किलोग्राम अवैध हरा गांजा किया गया बरामद। अभियुक्त द्वारा अपने घर के अन्दर बाड़े में की जा रही थी अवैध गांजे की खेती।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन ईगल"** के क्रम में दिनांक 30.04.2025 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना जसपुरा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम कुम्हरिया डेरा मजरा गौरीकलां में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के अन्दर बाड़े में अवैध गांजे की खेती की जा रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा ग्राम कुम्हरिया डेरा मजरा गौरीकलां में मौके पर छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके से 19 किलो 400 ग्राम अवैध हरा गांजा बरामद किया गया है।

बरामदगी-

- 19 किलो 400 ग्राम अवैध हरा गांजा

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. लल्लू उर्फ टेढ़हना पुत्र सुन्दर निवासी कुम्हरिया डेरा मजरा गौरीकलां थाना जसपुरा जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 68/25 धारा 8/20(a) एनडीपीएस एक्ट थाना जसपुरा जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. थानाध्यक्ष जसपुरा श्रीमती अनुपमा तिवारी
2. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार सिंह
3. कां0 दिनेश कुमार वर्मा
4. कां0 गवेन्द्र सिंह
5. कां0 योगेन्द्र सिंह